## स्पीड न्यूज

### एनएच 75 में जा रही जमीन के रैयतों के साथ सीओ व दंडाधिकारी ने की बैठक



**पड़वा पलामू।** एनएच 75 चौड़ीकरण में कुछेक खाता प्लॉट में आ रही अड़चनों को ले पड़वा सीओ हलधर कुमार सेठी, प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी सेवा राम ने ऑन स्पॉट रैयतों से बात की एवं उनके कागजात देखे। विकास सिंह ने कहा कि उनके जमीन में कुआं और पेड़ है जिसका मुआवजा मिलना चाहिए तभी काम होगा। सीओ ने कहा मुआवजा तय करना भू अर्जन विभाग का है, विभाग में आवेदन दीजिए। उप प्रमुख धर्मवीर सिंह ने कहा कि मौजा कजरी खाता 5 में भू अर्जन की जाने वाली जमीन का नोटिस हिंडाल्को को मिला है जबकि इनके कोई हिस्सेदार ना तो पूर्व और न ही वर्तमान में जमीन विक्री किया है। इसी खाता में विद्या सिंह वगैरह के नाम से नोटिस मिला है। धर्मवीर ने बताया कि हाल खतियान और राजस्व रसीद इनके पूर्वज के नाम से है। इसके अलावे बृजबिहारी सिंह, संजय सिंह, गौरव सिंह, मुकेश सिंह, अजय सिंह ने भी अपने अपने मामले को रखा। कई रैयत राजस्व रसीद नहीं काटने का भी मामला उठाया।

### संत विज्ञानदेव जी के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित



पाटन पलामू। संत श्रीविज्ञान देव जी महाराज के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर विश्वव्यापी रक्तदान शिविर के अंतर्गत पाटन प्रखंड में विहंगम योग संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां विहंगम योग संस्थान के पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि पाटन बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय तथा बीससुत्री उपाध्यक्ष उमाकांत सिंह उपस्थित थे। यह आयोजन विहंगम योग के प्रखंड प्रभारी मनोज मेहता के नेतृत्व में किया गया। रक्तदान शिविर में देवेन्द्र प्रसाद, डिकु सिंह, सोहारी देवी, सुर्य देव गोस्वामी, दीपक गोस्वामी, सोनु कुमार, गनौरी पासवान, अजय सिंह, सोनु सिंह आदि लोगों ने एक एक युनिट ब्लड रक्तदान किया। मौके पर गीता सिंह, प्रभारी मनोज मेहता, मनोज साव, दीपक गोस्वामी, मुकेश कुमार, देवेंद्र प्रसाद, सूर्यदेव गोस्वामी मौजूद थे। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान कर संकट में दूसरों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान सभी को करनी चाहिए। लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### भजनिया के मेहता टोला में लगा ट्रांसफार्मर

**मोहम्मदगंज पलामू।** जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह के प्रयास से मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र के भजनिया पंचायत अन्तर्गत मेहता टोला में 100 केवी ए का बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। मालूम हो कि डेढ़ माह पूर्व उक्त गांव का ट्रांसफॉर्मर जल गया था, जिसकी जानकारी गांव के ग्रामीणों ने जिला पार्षद अंजू देवी को दिया था। ट्रांसफॉर्मर लग जाने से अखिलेश्वर मेहता, उपेन्द्र बैठा, सुनील कुमार मेहता,राजीव कुमार मेहता, रामाशीष मेहता सहित ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए पार्षद प्रतिनिधि सिंह को बधाई दी है।

### सतबरवा प्रखंड के 25 विद्यालयों में शैक्षणिक जांच परीक्षा आयोजित



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के 25 विद्यालयों में कक्षा तीसरी, छठी तथा नवीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक स्तर की जांच हेतु विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का आयोजन जेसीईआरटी रांची के द्वारा किया गया जिसमें बीएड कॉलेज के छात्रों को फील्ड इन्वेस्टिगेटर बनाया गया था। इस दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज तिवारी ने प्रखंड क्षेत्र के सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा, रा कन्या मध्य विद्यालय सतबरवा, बालिका उच्च विद्यालय सतबरवा, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय रेवारातु, स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय सोहड़ी खास, रामवि धावाडीह, मवि पिंडरा समेत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे (एसईएएस) में प्रखंड क्षेत्र के करीब 25 विद्यालयों में बच्चों के अंदर शैक्षणिक स्टार की जांच हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया जो सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस कार्य में सीआरपी सुधीर मिश्रा, सुरेंद्र मोची, मो आसिफ, किरण सिंह, बीआरपी मो शमशाद, चंद्रशेखर कुमार समेत कई शिक्षकों ने भाग लिया।

### स्थापना दिवस पर राजहरा कोलियरी प्रबंधन ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**पड़वा पलामू।** सीसीएल के स्थापना दिवस के अवसर पर राजहरा कोलियरी प्रबंधन ने कोलियरी क्षेत्र के तीन नंबर में स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसका उदघाटन राजहरा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी जेपी रावत ने किया। मौके पर जेपी रावत ने कहा कि इस तरह का शिविर गरीब तबके के लोगों के लिए काफी लाभप्रद होता है। क्योंकि संपन्न लोग तो अपना इलाज बाहर जाकर करा लेते हैं लेकिन गरीब तबके लोग अभाव में बाहर इलाज के लिए नहीं जा पाते हैं। उन्होंने कहा कि चुंकि राजहरा कोलियरी में कोयला का उत्पादन नहीं हो रहा है इस कारण प्रबंधन इलाके में अपेक्षित विकास का काम नहीं कर पा रही हैं। मौके पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा सच्चिदानंद ने बताया कि शिविर में 35 लोगों का इलाज किया गया। इलाज के बाद निः शुल्क दवा भी दिया गया। उन्होंने लोगों से अपने स्वास्थ्य का नियमित रूप से जांच कराने का सलाह दिया। इस मौके पर प्रबंधक युगल किशोर सिंह, वीके भोल, अरविंद कुमार, श्रीराम प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय जनता दल के क्रीड़ा प्रकोष्ठ के मनातू प्रखंड अध्यक्ष बनी रिंकी कुमारी



**मनातू पलामू।** राष्ट्रीय जनता दल के क्रीड़ा प्रकोष्ठ की बैठक मेदिनीनगर परिसदन में की गई। बैठक की अध्यक्षता क्रीड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मंदीप यादव ने की। बैठक के में राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के मजबूती के लेकर विशेष विचार विमर्श की गई व कई चुनावी मुद्दे पर भी विशेष चर्चा हुई। पार्टी की मजबूती को लेकर चुनाव प्रक्रिया भी प्रारंभ किया गया,जिसमें जिला अध्यक्ष के उपस्थिति में मनातू प्रखंड में क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष पद रिंकी कुमारी को मनोनीत किया गया। साथ ही तरहसी प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश कुमार यादव बने, इसी तरह जिला कोषाध्यक्ष प्रभु कुमार जिला महासचिव योगेंद्र कुमार यादव को बनाया गया।

### कोकरसा में रामचरितमानस महायज्ञ का 38 वां अधिवेशन 20 नवंबर से

**पड़वा पलामू।** पड़वा प्रखंड क्षेत्र के कोकरसा में रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ के 38वें अधिवेशन को लेकर शुक्रवार को मध्य विद्यालय परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। यज्ञ के सफल संचालन के लिए यज्ञ समिति गठित की गई। सर्वसम्मति से वीरेंद्र पांडेय को अध्यक्ष, जयवंश पांडेय को कोषाध्यक्ष, राहुल पांडेय को उपाध्यक्ष,राजीव तिवारी को महामंत्री, धर्मेंद्र तिवारी को यज्ञ संचालक, कृष्णानंद दुबे मंत्री, गणेश पांडेय सचिव, मंजय पांडेय संरक्षक तथा शशिकांत पांडेय मंच संचालक चुना गया। पंकज पांडेय, धनंजय पांडेय, शंभू नाथ पांडेय, नवनीत पांडेय, ब्रजेश पांडेय, प्रसिद्ध पांडेय, ऋषिकांत पांडेय, निर्भय पांडेय, नागेंद्र पांडेय, नारद मुनि पांडेय, अंजनी पांडेय, अनुराग पांडेय, कमलेश पांडेय को सदस्य बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि महायज्ञ का 38वां अधिवेशन 20 नवंबर से प्रारंभ होकर 28 नवंबर तक चलेगा। जिसमें बाहर से आए हुए वक्ताओं के द्वारा रात्रि में प्रवचन किया जाएगा।

# युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये करेगा प्रेरित : उपायुक्त

### निर्वाचन पदाधिकारी ने 3 मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनिरीक्षण 2024 के तहत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने हरी झंडी दिखाकर तीन मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया। इन रथों के माध्यम से 9 दिसंबर तक चलने वाले मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनिरीक्षण कार्यक्रम के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनिरीक्षण के तहत किये जाने वाले कार्यों, नये वोटरों का नाम सूची में जोड़ने, मतदाता सूची में सुधार, मृत मतदाता का नाम विलोपित करने सहित अन्य जानकारी दी जायेगी। पलामू जिला अंतर्गत मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने, मतदान में भाग लेने, युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये प्रेरित करने के लिए स्वीप अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, सीओ चैनपुर समेत अन्य उपस्थित थे।

# वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने विवि में किया हंगामा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में अपनी मांगों को लेकर जमकर हंगामा किया। जिसका नेतृत्व फेडरेशन के जिलासमिति ने किया। मौके पर श्रवण सिंह ने कहा कि विवि भगवान भरोसे चल रहा है। यहां के पदाधिकारी नियमित रूप से विवि तक नहीं आते। विकाश यादव ने कहा कि विद्यार्थी अब त्रस्त को चुके हैं। जिलाध्यक्ष बिपिन यादव ने कहा कि सत्र 2018-21 और 2019-22 के जेनेरिक पेपर की परीक्षा अभी तक नहीं आयोजित की गई है। जबकि इसकी सूचना 6-7 माह पहले ही दी गई थी। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि स्नातकोत्तर 2022-24 सत्र की भी एक सेमेस्टर तक पूरी नहीं हुई है। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय से कोई भी उम्मीद करना बेवकूफी है। वेद प्रकाश ने कहा कि यहां के छात्रों को अधिकारियों से मिलना भी दुर्लभ हो गया है अपनी समस्याओं को लेकर विद्यार्थी मिल भी नहीं सकते। स्वास्तिक सिन्हा ने कहा कि यहां के पदाधिकारी बच्चों के भविष्य को खराब कर रहें हैं। इसके बाद फेडरेशन के लोगों ने विश्वविद्यालय का मुख्य द्वार बंद कर दिया। इसके बाद सीटीडीसी एके पांडे ने उनसे वार्ता की और डीएसडब्ल्यू अंबालिका प्रसाद ने उन्हें सब छात्रों को अपने कक्षा में बुलाकर वार्ता की। जहां कुलसचिव राकेश कुमार, एके पांडेय, सहायक परीक्षा नियंत्रक मौजूद थे। सभी ने कहा कि सभी सत्रों को नियमित करने की पूर्ण कोशिश की जाएगी। इस आंदोलन में रंजित, कन्हैया कुमार, आशीष, वकील, दीपक गिरी, श्रीकांत, आनंद , हिमांशु, चंदन यादव ने भी अपने अपने वक्तव्य दिया।

# हेमंत सरकार जनता के साथ कर रही है छलावा : आलोक चौरसिया

### रबदा मोड़ से केवाल सिवान तक पथ निर्माण का शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत रबदा में रबदा मोड़ से केवाल सिवान तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक आलोक चौरसिया ने किया। मौके पर विधायक चौरसिया ने कहा कि उक्त पथ काफी जर्जर था। बीते दिन वहां के ग्रामीणों ने जर्जर पथ की शिकायत लेकर पहुंचे थे। इसके बाद आलोक चौरसिया ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग से बात कर अविलंब रोड मुहैया कराई। साथ ही जनता को आश्वस्त कराया कि हमारे रहते किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होगी। चौरसिया ने कहा कि झारखंड सरकार की नीयत साफ नहीं है। वह केंद्र सरकार के नियमावली पर सवाल उठाती है, खुद बालू पर रोक लगाई है और केंद्र सरकार पर दोषारोपन करती है। विधायक ने कहा कि बीते दिन राज्य कोष से करोड़ों का खर्च कर बड़ा कार्यक्रम किया गया जिसमें 5000 कुछ बच्चों को नौकरी देने के नाम पर ठगी की गई। राज्य सरकार द्वारा झारखंड की जनता के साथ छलावा किया जा रहा है जिसका जवाब वर्ष 2024 में हेमंत सरकार को मिलेगा। मौके पर ज़िला परिषद प्रमोद सिंह, मुखिया पार्वती देवी, पंचायत समिति अमरजीत राम, उपमुखिया रामजी चौधरी, साधु चौधरी, मनोज चौधरी, नागेन्द्र चौधरी, संजय ठाकुर, सरीता देवी, बुधन चौधरी, शिव यादव, अमलेश चौरसिया समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की फरियाद

### गैस सिलेंडर के फटने से घायल बच्ची के परिवार को दिया आर्थिक मदद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे हरिहरगंज थाना क्षेत्र के मो. आजम रिजवी ने उपायुक्त को बताया कि विगत 24 जुलाई 2023 को खाना बनाने के क्रम में गैस सिलेंडर के फटने से घर में आग लग गई थी, जिससे मेरी बच्ची झुलस गई और घर का सारा साजो-सामान जल कर राख हो गया। जिस पर उपायुक्त ने पीड़ित परिवार को अपने निजी स्तर से पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद की। साथ ही आपदा राहत कोष से सहायता करने का भी आश्वाशन दिया। इसी तरह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सुमित्रा देवी ने उपायुक्त से केसीसी ऋण माफ करवाने की अनुरोध किया। इसी तरह पाटन थाना क्षेत्र के कोदम राम ने उपायुक्त से राशन कार्ड में नाम जोड़वाने का अनुरोध किया। इसी तरह सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के कांति देवी ने उपायुक्त से बंद हुए वृद्धा पेंशन को फिर से देने का अनुरोध की।

जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### शिकायत के बाद बाल कल्याण समिति ने रोकवाई शादी



**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत पालहे ग्राम निवासी अशमा खातुन पिता अलीम अंसारी की शादी को लेकर जिला बाल कल्याण समिति में शिकायत दर्ज कराई गई। जिसके बाद परिजनों के द्वारा शादी टाल दिया गया। जानकारी के अनुसार अशमा खातुन पिता अलीम अंसारी की शादी सीरमा निवासी जाबीर अंसारी पिता हजरत मियां के साथ तय किया गया था। तीन नवंबर को दोनों की शादी होने वाली थी। इसी बीच किसी ने लड़की को नाबालिग होने की सूचना जिला बाल समिति को दिया गया। बाल समिति ने कार्रवाई करते हुए शादी को रोकवा दिया। लड़की की माता मुनिया बीबी ने बताया कि लड़की का उम्र जन्म प्रमाणपत्र में उन्नीस वर्ष है लेकिन प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है। मेरे पांच बच्चे हैं दुसरी बच्ची की शादी होनेवाली थी।

# रेहला छठ पूजा महासमिति का चौथी बार मंगल बने अध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप अंतर्गत कोयल नदी तट पर सबसे बड़ा छठपूजा आयोजन करते आ रही रेहला छठ पूजा महासमिति ने गुरुवार रात स्थानीय लोगों के साथ की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संरक्षक नरेंद्र सिंह और संचालन डॉ वी पी शुक्ला ने किया। बैठक में महासमिति ने अपने लगातार 13 वें आयोजन को यादगार व व्यापक बनाने का निर्णय लिया। महापर्व पर छठ पूजा के भव्य आयोजन और संचालन हेतु छठ पूजा महासमिति को पुनर्गठित किया गया। युवा सामाजिक कार्यकर्त्ता मंगल गुप्ता को चौथी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। वहीं उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया जिसमे संतोष गुप्ता उर्फ भाई जी,जय मां भवानी संघ के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, रवि वर्मा, रेलवे गार्ड मुन्ना सिंह व अभिजीत गुप्ता उर्फ पिंटू दादा का नाम शामिल है। ज्वाला गुट्टा को सचिव, अंश कुमार सोनी व विकास सिंह को सह सचिव बनाया गया। टिंकू गुप्ता को कोषाध्यक्ष, अर्जुन पटवा व रवि कुमार गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं संगठन मंत्री पद पर अशोक तिवारी व सुमित कुमार को बनाया गया। कार्यकारिणी अध्यक्ष ददई ठाकुर, अल्पेश गुप्ता,विक्की कुमार,मुकुल कुमार सिंह व आलोक सिंह को बनाया गया। पत्रकार नरेंद्र सिंह की मीडिया प्रभारी और अंशु गुप्ता व विवेक सिंह को सह प्रभारी मनोनित किया गया। महासमिति की अगली बैठक में कार्यकारिणी सदस्ययों का नाम तय किया जायेगा। नवगठित महासमिति ने शुक्रवार आठ बजे प्रातः रेहला कोयल नदी छ्ठ घाट पर गाजेबाजे के साथ गंगापूजन कर रेहला छठपूजा समिति आयोजन की औपचारिक शुरूआत भी कर दी। गंगा पूजन में काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ की बैठक छह को उपभोक्ता फोरम में : धनंजय सिंह

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ शाखा पलामू के अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि संघ की बैठक छह नवंबर को उपभोक्ता फोरम कार्यालय परिसर में किया जायेगा। उन्होंने संघ के सभी सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि बैठक में भाग लेकर सफल बनायें तथा अपना विचार व्यक्त कर संगठन की मजबूती बनाने में योगदान दें। सिंह ने कहा कि बैठक में छह सूत्री मांगों के अलावे आगामी 22 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। इसे लेकर बैठक आहूत की गई है।

### अनुमंडल कार्यालय गेट के पास से बाईक की चोरी

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल कार्यालय हुसैनाबाद गेट के समीप से शुक्रवार को बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस संबंध में भुक्तभोगी रवि कुमार सिंह, पिता केदार सिंह ग्राम सड़ेया थाना हैदरनगर निवासी ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत किया हैं। जिसमे उन्होंने जिक्र किया हैं कि 3 नवंबर को सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों का बैठक बुलाया गया था। जिसमें मैं 11:30 बजे अपना दो पहिया वाहन स्प्लेंडर प्लस जिसका नम्बर जेएच 01सी यू 9280 को खड़ा कर बैठक में चला गया। जब पुनः 3 बजे बैठक समाप्ति के बाद नीचे आया तो मेरा बाईक वहां नही था। मेरे साथ अन्य कई प्रज्ञा केंद्र संचालक थे, बाईक खोजबीन किया लेकिन नही मिला। भुक्तभोगी ने थाना प्रभारी से बाईक खोजने में मदद की मांग की। उक्त स्थान से पूर्व में भी कई बाइक चोरी होने की सूचना हैं। ऐसे में अनुमंडल कार्यालय जैसे सुरक्षित स्थान में चोरी होना कई सवाल खड़ा करता है।

### बाइक से गिरकर युवक घायल




**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** पांकी-मेदिनीनगर के मुख्य पथ पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे बाइक चालक घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर एस आई बिट्टू कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को सामुदायिक केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ प्रियंका ने बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया है। बताते चले कि मोहन कुमार उम्र 20 वर्ष पिता कृष्णा साव बारालोटा मेदिनीनगर निवासी लेस्लीगंज से अपने घर मेदिनीनगर जा रहा था। घर जाने के क्रम में मुंदरिया के समीप बाइक अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसे के वक्त बाइक पर सवार युवकों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था।

### शैक्षणिक जांच परीक्षा का आयोजन



**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड में शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्य क्रम पदाधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम शिक्षा अभियान के द्वारा पांडू प्रखंड के कुल 24 चिन्हित विद्यालयों में शैक्षणिक जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में संकुल साधन सेवी ने महत्वपूर्ण योगदान दिये। झारखंड शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण 2023 परीक्षा में कई विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिये। मौके पर सीआरपी महबूब अली, सूचित कुमार कुशवाहा, विकास कुमार, उदय कुमार, अंबिका महतो, सुशील सिंह, अनिल सिंह समेत सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में छठ पूजा को लेकर घाट की सफाई कार्य तेज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर हुसैनाबाद में तैयारियां तेज हो गई हैं। जेपी चौक स्थित बाबा विश्वनाथ भास्कर छठ पोखरा, ब्लाक रोड स्थित पंच मन्दिर सरोवर छठ घाट, दिनेश चौक के उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई छठ घाट आदि की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। शुक्रवार में हुसैनाबाद के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने बाबा विश्वनाथ भास्कर छठ पोखरा घाट पर चल रहे साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सफाई कर रहे कर्मियों को छठ पोखरा की बेहतर साफ सफाई करने का टिप्स दिया। बताया कि छठ पोखरा में एक डीप बोर के साथ इसका सौंदर्यीकरण का कार्य विभाग द्वारा कराया जा रहा है। हम अपने स्तर से व्रतियों व आम लोगों को हर तरह के सुविधा समय पर दूंगा। मौके पर नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, जाकिर अली, जनक पासवान आदि लोग मौजूद थे।

# मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर विश्रामपुर में हुई बैठक



**बिश्रामपुर (पलामू)।** मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड के सभागार में निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह की उपस्थिति में समीक्षात्मक बैठक हुई। विश्रामपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के संबंधित कार्यों के सफल संचालन के लिए सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर के साथ साप्ताहिक बैठक करते हुए कार्यों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। वहीं सभी संबंधित एईआरओ एवं बीडीओ को सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन एवं मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध बुनियादी सुविधा से संबंधित कार्य योजना तैयार करने को कहा गया। जिला द्वारा उपलब्ध कराये गये प्री फाइल फॉर्म- 6 की अद्यतन स्थिति पर भी चर्चा हुई। वैसे सभी मतदान केन्द्र जहाँ पुनरीक्षण अवधि में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक नहीं होनी चाहिए, वैसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले लोगों का नाम जोड़ने पर बल दिया गया। यह अभियान नौ दिसंबर तक चलेगा। बैठक में विश्रामपुर बीडीओ विक्रम आनंद, पांडू बीडीओ राहुल उरांव, उंटारी बीडीओ परितोष प्रियदर्शी, नावा बाजार बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद सहित प्रखंड कर्मी, 'बीएलओ एवं राजनीतिक दल के कई सदस्य उपस्थित थे।

# झामूमो नेता पांकी विधायक से माफी मांगें : कुशवाहा समाज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के कुशवाहा समाज के लोगों ने झामूमो नेता सह झारखंड हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी द्वारा पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के खिलाफ दिये गये बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। समाज के लोगों ने कहा कि झामूमो के मुखिया हेमंत सोरेन की भांति संजीव तिवारी का भी मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है।

वे बिना सोचे समझे नादानीवश अनर्गल बयान दे रहे हैं। उनके बयान से सिर्फ शशिभूषण मेहता ही नहीं बल्कि कुशवाहा समाज के साथ हिंदू समाज के लोग भी आहत हैं। संजीव तिवारी अविलंब पांकी विधायक से माफी मांगें वरना कुशवाहा समाज ऐसे बड़बोलेपन लोग से निपटना जानती है। उनके बयान का माकूल जवाब कुशवाहा समाज देना जानती है। वे अनर्गल बयान देकर अपना चेहरा चमकाना बंद करें। यदि तिवारी विधायक से माफी नहीं मांगते हैं तो उन्हें पांकी विधानसभा ही नहीं पलामू में घुसने नहीं दिया जायेगा। समाज के लोगों ने कहा कि विधायक ने जो बयान दिया है वे ऐसे ही नहीं दिये हैं। कुछ दिन पूर्व विहिप व बजरंग दल के तत्वावधान में शौर्य जागरण यात्रा निकाली गई थी, जिसमें कुछ असमाजिक तत्व के लोग घुसकर सनातन धर्म को बदनाम करने के साजिश रचते हुए पांकी को दूसरा रूप देना चाहते थे लेकिन विधायक ने स्थिति की नजाकत को भांपते हुए पांकी में एक बड़ी घटना को टालने का काम किया। विधायक ने पांकी विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार की पुनरावृति न हो इसलिए उन्होंने यह बयान दिया कि सनातन धर्म के सभा में या हिंदुओं के मंदिर, मठ के आसपास वैसे लोग नजर न आयें वरना वैसे असमाजिक तत्वों को खदेड़ा जायेगा। इस पर झामूमो के अलावे अन्य लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। कुशवाहा समाज के लोगों ने कहा कि जब दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है तो उसमें हिंदू समाज के लोग दखल नहीं देते हैं। वहीं हिंदू समाज के द्वारा धार्मिक कार्य किया जाता है तो हमारे कार्यक्रम में चोरी छिपे घूसकर माहौल को दूसरा रूप देने का षडयंत्र रचा जाता है। इस पर झामूमो के अलावे अन्य लोगों को विचार करने की जरूरत है। इस मौके पर कुशवाहा समाज के निर्मल मेहता, संदीप मेहता, सुनील मेहता, लव मेहता, संतोष मेहता, रौशन मेहता, महेंद्र मेहता, कामेश्वरी मेहता समेत कई लोगों ने कड़ी प्रतिक्रया व्यक्त किया।

# पाटन प्रखण्ड क्षेत्र में 'चलो करे आवास पूरा' अभियान का टीम ने किया दौरा

ग्रामीण विकास विभाग से सुवेन्दु सिंघा और पवन कुमार ने लाभुकों को जल्द आवास पूर्ण करने हेतु किया प्रेरित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत लंबित आवास को पूर्ण कराने हेतु विभाग के निर्देशानुसार चलों करें आवास पूरा का द्वितीय चरण अभियान सभी प्रखंड/पंचायतों में 31 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक चलाया जा रहा है। अभियान का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु विभाग स्तर से ग्रामीण विकास विभाग के राज्य स्तरीय टीम में शामिल सुवेंदु सिंघा एवं पवन कुमार पलामू दौरे पर है।

राज्य स्तरीय टीम ने शुक्रवार को पाटन प्रखंड अंतर्गत कांके कलां पंचायत का क्षेत्र का भ्रमण किया। इस क्रम में राज्य स्तरीय टीम ने प्रखण्ड कार्यालय सभागार में सभी संबंधित कर्मी के साथ गहन समीक्षा की गई। तत्पश्चात राज्य स्तरीय टीम द्वारा पंचायत में लाभुकों के साथ सीधा संवाद कर आवास पूर्ण करने में आ रही समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीण विकास विभाग टीम द्वारा सबंधित पदाधिकारियों को लाभुकों की समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया।

साथ ही लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया। राज्य स्तरीय टीम भ्रमण के क्रम में जिला समन्वयक मुफ्ती अनवर एवं प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार, प्रखण्ड समन्वयक शिवम जयसवाल, पंचायत सचिव, पंचायत स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### रोजगार मेला में 98 लोगों को मिला रोजगार



उद्‌घाटन करते प्रखंड प्रमुख व अन्य

**रंका।** अनुमंडल अंतर्गत विश्रामपुर में अनुमंडल स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि हमारा क्षेत्र बेरोजगारों का क्षेत्र है। यहां पर कल-कारखाना नहीं होने के कारण अच्छे पढ़े लिखे लोग दिहाड़ी मजदूरी एवं खेती किसानी करते हैं। इस रोजगार मेला के माध्यम से लोगों को एक अच्छा रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि युवाओं को इस रोजगार मेला के अवसर का लाभ लेना चाहिए। रोजगार मेला में रंका, रामकंडा, चिनिया, भंडरिया एवं बड़गड़ प्रखंड के सैकड़ों लोगों ने बेरोजगार महिला-पुरुष युवाओं ने भाग लिया।

### उपायुक्त मेघा भारद्वाज आमजनों की समस्या से हुईं रूबरू



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाान करने का आश्वासन दिया। जनता दरबार में विद्यालय में शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने, जमीन विवाद, दाखिल खारिज, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना का लाभ दिलाने, स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य में मनमानी, पारा शिक्षक का प्रतिनियोजन रद्द करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात् उपायुक्त ने संबाित विभाग के अाकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसे जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिये।

### ग्रिजली विद्यालय में सम्मान समारोह सह काउंसलिंग सेशन का आयोजन



**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में करियर काउंसलिंग सेशन तथा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा जारी की गई परीक्षा परिणाम में ग्रिजली विद्यालय की पूर्व छात्रा अपेक्षा मोदी को 7वीं रैंक प्राप्त हुई है और इस परिणाम के आाार पर अपेक्षा का चयन एसडीएम के पद पर हुआ है, उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता का स्वागत विद्यालय के स्कूल कैप्टन शुभम कुमार और भूमि दक्ष के द्वारा पौाा देकर किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को संबोाित करते हुए अपेक्षा ने छात्रों से कहा की जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास और कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी, तभी सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा की असफलता से घबराना नहीं है बल्कि और मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करना है। विद्यालय सभागार में स्टूडेंट सर्विस सेल के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं तथा बारहवीं के छात्रों ने भाग लिया और मुख्य वक्ता अपेक्षा मोदी से सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण टिप्स की जानकारी ली। वहीं सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा की अपेक्षा मोदी की इस सफलता से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है और आने वाले वक्त में विद्यालय के और छात्र भी इस मुकाम को प्राप्त करेंगे, यही विद्यालय परिवार की कामना है। वहीं उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा की अपेक्षा मोदी की यह सफलता पूरे विद्यालय की सफलता है और ये दर्शाती है की निरंतर किए गए मेहनत से सफलता जरूर मिलती है।

### आरपीवाई बीएड कॉलेज में इंडक्शन मीट का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार व सहायक प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बीएड के नए सत्र 2023-25 में नामांकित बच्चों का स्वागत किया गया। साथ ही कक्षा संचालन से पूर्व प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय के नियमों से अवगत कराया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज आप प्रशिक्षु के रूप में हैं, आने वाले कल के लिए एक शिक्षक बनने के लिए तैयार होना है, आपको भारत के भविष्य के लिए तैयार होना है। आपको आने वाले कल को बेहतर बनाने के लिए अपने अंदर सीखने की क्षमता लाना है।

# निजीकरण के खिलाफ सीटू व किसान सभा ने कोडरमा रेलवे स्टेशन पर किया विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** केंद्र सरकार के द्वारा रेलवे, बिजली सहित सभी सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण तथा बिजली स्मार्ट मीटर लगाए जाने के खिलाफ देशव्यापी सार्वजनिक क्षेत्र बचाओ दिवस के तहत शुक्रवार को कोडरमा रेलवे स्टेशन के दक्षिण गेट पर सीटू और किसान सभा के बैनर तले विरोध प्रदर्शन किया गया। जहां हांथो में प्लेकार्ड लिए कार्यकर्ता रेलवे का निजीकरण पर रोक लगाओ, बिजली संशोधन कानून वापस लो, बिजली स्मार्ट मीटर लगाना बंद करो, सार्वजनिक क्षेत्र को कॉरपोरेट के हांथों में देना बंद करो, कर्मचारियों का दमन बंद करो, सभी रिक्त पदों पर अविलंब बहाली करो, कॉरपोरेट का दलाल मोदी सरकार मुर्दाबाद आदि सरकार विरोधी नारे लगाए जा रहे थे। वहीं किसान सभा के सह संयोजक परमेश्वर यादव की अध्यक्षता में हुई। वहीं सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय




पासवान ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सार्वजनिक उपक्रमों का बहुत बड़ा योगदान है, लेकिन भाजपानीत मोदी सरकार के द्वारा इसे लगातार खत्म किया जा रहा है। देश की करोड़ों जनता का यात्रा का साधन भारतीय रेलवे को भी टुकड़ों में निजीकरण कर रही है, वंदे भारत जैसे ट्रेनों को चलाकर आम आदमी के पहुंच से रेलवे को दूर किया जा रहा है, सार्वजनिक क्षेत्रों को बचाने के लिए कर्मचारी यूनियन लगातार संघर्ष कर रहे हैं मगर केंद्र सरकार अपने चहेते पूंजीपति मित्रों के लिए निजीकरण के रास्ते देश को गिरवी रखने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही है, निजीकरण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र और सरकारी विभागों पर हमला जारी है, भर्तियों पर रोक लगी हुई है। आउटसोर्सिंग, ठेकाकरण और कैजुअलाइजेशन बड़े पैमाने पर जारी है, श्रम कानूनों को मालिकों के पक्ष में और श्रमिकों के हितों के खिलाफ लेबर कोड में बदला जा रहा है। इसके साथ ही जीवन और जीविका से ध्यान भटकाने के लिए सत्ता में बैठी ताकत द्वारा समाज में सांप्रदायिक ज़हर फैलाया जा रहा है। वहीं झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार ने कहा कि एक तरफ जनता महंगाई से जुझ रही है, दूसरी तरफ उर्जा क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए पहले ही कोरोना काल में काले कृषि कानून के साथ-साथ बिजली कानून 2020 संसद से पास करा लिया है, 13 महीने के लंबे किसान आंदोलन के चलते कृषि कानून तो वापस ले लिया, लेकिन बिजली कानून वापस नहीं लिया। बिजली का निजीकरण होने से बिजली मंहगी हो जाएगी और आम आदमी के पहुंच से बाहर हो जाएगी, किसानों की खेती भी महंगा हो जाएगा क्योंकि कृषि क्षेत्र में बिजली की महत्वपूर्ण भूमिका है। मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आम नागरिकों को एकजुट होना होगा। वहीं मांगों से संबंधित स्मार पत्र राष्ट्रपति के नाम स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया। प्रदर्शन में दिनेश रविदास, भीखारी तुरी, ग्यासुद्दीन अंसारी, सुनील कुमार गुप्ता, रविन्द्र भारती, सुरेंद्र राम, अमित कुमार, अमित कुमार, मनोज कुमार, तनमय, अशोक रजक सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## सत्ता में आते ही गरीबों की लूटी गयी जमीन को कराया जाएगा वापस : सत्येन्द्रनाथ

### झामुमो छोड़ 200 लोग भाजपा में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शुक्रवार को जिले के रमकंडा प्रखंड के करीब 200 झामुमो कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। सभी को पूर्व विाायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने माला पहनाकार पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं ने कहा कि उक्त लोग जिस उम्मीद और विश्वास के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पिछले चुनाव में सहयोग किया था। उस पर पांच प्रतिशत भी खरा नहीं उतरे। मौके पर पूर्व विाायक श्री तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में चारो तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। गरीबों को सुनने वाला कोई नहीं है। प्रखंड, अंचल से लेकर सभी विभागों में बिना रिश्वत का कोई काम नहीं हो रहा है। पिछड़े,



पार्टी में शामिल कार्यकर्ता

दलितो और गरीबों का सामंती ताकतों के द्वारा जमीन लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही गरीबों का लूटे गए सभी जमीन को वापस कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्री के सहभागिता से गढ़वा जिला के गरीबों का राशन घोटाला किसी से छिपा हुआ नही है।

### एक दर्जन से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत हासनदाग के एक दर्जन से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। शुक्रवार को सभी कार्यकर्ताओं ने मनोज कुमार दुबे उर्फ बबलू दुबे के नेतृत्व में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर झामुमो में शामिल किया।

### एक दिवसीय कुष्ठ उन्मूलन पर कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा।** सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में जिले के सीएचओ, एमपीडब्ल्यू कुष्ठ, अचिकत्सा सहायक का एक दिवसीय कुष्ठ उन्मूलन से संबंधित उन्मुखीकरण सह कार्यशाला सिविल सर्जन सभागार में आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में डीएलओ डॉ. रमण कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार मौजूद थे। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर द्वारा कुष्ठ के प्रसार, लक्षण एवं इलाज से संबंाित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी, कुष्ठ रोग के प्रसार दर को कम करना एवं कुष्ठ संदिग्ध रोगियों की पहचान व जांच कराना है। उक्त प्रशिक्षण का संचालन फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन द्वारा किया गया। वहीं सिविल सर्जन द्वारा निर्देश दिया गया कि सीएचओ के द्वारा निरंतर लोगों एवं विद्यालयों में कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी व बचाव हेतु प्रचार-प्रसार करना है एवं सहिया के माध्यम से गांव स्तर पर कुष्ठ संदिग की पहचान करते हुए सभी संदिग्धों की जांच कराना सुनिश्चित किया जाए। वहीं फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन ने कुष्ठ से होने वाले विक्लांगता एवं उनकी रोकथाम के उपाय के बारे में विस्तार से बताया गया।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक गम्भीर, रिम्स रेफर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कानिकेंद चंचाल धाम गेट के समीप सड़क दुर्घटना में पल्सर मोटरसाइकिल संख्या जेएच11एएल/7485 में सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक डोमचांच से डोरंडा की ओर तीव्र गति से जा रहे थे, जहां अनियंत्रित होकर उक्त मोटरसाईकल सड़क के किनारे गड्ढ़े में जा गिरी और दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं घायल युवक की पहचान 23 वर्षीय चंदन यादव पिता जानकी यादव व 21 वर्षीय नितेश यादव पिता राजकुमार यादव ग्राम दासेडीह डोरंडा थाना राजानवार गिरिडीह निवासी के रूप में हुई है। घटना गुरुवार की देर शाम की है, घटना की सूचना मिलते ही हाइवे पेट्रोलिंग पुलिस के एएसआई रामानंद पाठक अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।

## पांच संदिग्ध युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया पंचायत के डुमरडीहा में घूम रहे पांच संदिग युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस उक्त युवकों से पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों को संदेह था की उक्त लोग कोई गंभीर घटना करने के फिराक में थे, पूछ ताछ के दौरान उक्त युवकों ने अपनी पहचान रांची जिला के बुंडू निवासी शिवेश्वर महतो, ढाकारिया निवासी बबलू नायक, दानाडीह निवासी अशोक महतो, सिलवे निवासी मुकेश प्रमानिक तथा तमाड़ निवासी संतोष मुंडा के रूप में बताया। वहीं ग्रामीणों के अनुसार उक्त पांचो लोग गुरुवार की शाम ही एक स्कार्पियो जेएच01इसी/1060 से डुमरडीहा गांव पंहुचकर गांव के ही सरकारी विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक उमेश प्रसाद महतो के बारे में पूछताछ कर रहे थे एवं देर रात होने के बाद वे लोग चले गए। वहीं पुनः शुक्रवार को अहले सुबह वे लोग फिर स्कार्पियो से उक्त गांव आये और उक्त शिक्षक के बारे में पूछताछ करने लगे। वहीं उन युवकों के संदिग गतिविाियों को देखते हुए ग्रामीणों ने पांचो युवकों को पकड़ कर उनके बारे में पूछताछ करने लगे, मगर युवकों द्वारा स्पष्ट कोई जवाब नहीं देने पर ग्रामीणों ने मरकच्चो पुलिस को फोन कर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पंहुच पांचों युवकों एवं स्कार्पियो को जब्त कर थाना ले आयी, जहां पुलिस द्वारा उक्त युवकों से पूछताछ की जा रही है। वहीं उक्त मामले को लेकर डुमरडीहा विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक उमेश प्रसाद महतो (तमाड़ थाना क्षेत्र के रागड़ा बड़ांग निवासी) ने थाना में आवेदन देकर बताया है की वे डुमरडीहा के विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं और वहीं भाड़े के मकान में रहते हैं। आवेदन में आगे बताया है की उसने अपने बहन की शादी रांची जिला के बुंडू निवासी बिशेश्वर महतो के साथ किया था लेकिन बिशेश्वर ने उसकी बहन को छोड़ दिया।

## सोशल पुलिसिंग के तहत लोगों को प्रशिक्षण व सामग्री वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देशानुसार सोशल पुलिसिंग प्रोजेक्ट उत्थान फेज टू कार्यक्रम कुन्दा एवं लावालौंग थाना अंतर्गत प्रारम्भ किया गया है। इस बार इस प्रोजेक्ट का मुख्य केन्द्र बिन्दु लावालौंग एवं कुन्दा थाना क्षेत्र है। जिसके तहत लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं आम जनों के बीच सोशल पुलिसिंग के तहत विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन एवं खेल समग्री का वितरण के साथ-साथ जागरूकता अभियान, ना केवल अवैध अफिम पोस्ता एवं अन्य मादक पदार्थों की खेती एवं व्यापार के विरूद्ध चलाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात नियमों के पालन करवाने के साथ-साथ कुन्दा एवं लावालौंग थाना के वैसे नक्सल प्रभावित दुरस्थ गाँव जो विकास के दौड में काफी पीछे रह गये है उक्त के संबंध में दोनों



थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि पुलिस पदाधिकारी स्वंय गॉव-गॉव जाकर लोगों का समस्याओं को सुनें, उसका निराकरण करें तथा वहाँ के बच्चों को विद्यालय तक पहुँचाने का प्रयास करते हुए उनका नामांकन सुनश्चित करवायें ताकि वहाँ के बच्चे भी पुलिस, आर्मी एवं अन्य नौकरियाँ प्राप्त कर विकास के मुख्य धारा में जुड़ सके। इसी क्रम में सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी एवं थाना प्रभारी लावालौंग एवं अन्य पदाधिकारी रिमी रामपुर एवं हुटरू के आदिम जनजाति बिरहोर कॉलोनी पहुँचकर वहाँ के बुजुर्ग पुरुष, महिलाएँ एवं बच्चों को ना केवल जरूरत की सामाग्री जैसे, कंबल, चप्पल, कॉपी, कलम, स्लेट, पेन्सील, बैग के साथ-साथ अन्य स्टेशनरी के सामान दिया गया बल्कि बच्चों को विद्यालय भेजने हेतू अभिभावकों को प्रेरित भी किया गया था। विदित हो कि चतरा पुलिस का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम, सोशल पुलिसिंग से संबंधित प्रोजेक्ट उत्थान फेज- 01 वर्ष 2022 में प्रारम्भ किया गया था जिसके अंतर्गत घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 150 से अधिक युवकों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिये गये थे ताकि वे भी पुलिस बल, आर्मी, पारा मिलिट्री फोर्सेस एवं अन्य जगहों पर नौकरी प्राप्त कर मुख्य धारा से जुड सके। इसी कड़ी में प्रशिक्षण प्राप्त युवकों में से 07 लोग विभिन्न बलों में सेवा दे रहे है। चतरा पुलिस का यह प्रयास अब सार्थक होता हुआ दिखाई पड़ रहा है, क्योंकि वहाँ के बच्चों को अभिभावकों ने विद्यालय भेजना प्रारम्भ कर दिया है। इस अभियान में चतरा पुलिस को स्थानीय लोगों का निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। चतरा पुलिस इसके लिए कृतज्ञ है।

## एक नजर में

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभुक को मिला 2 लाख का चेक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय सभागार में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के तहत शुक्रवार को कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लभुकों को दो-दो लाख रुपए का चेक दिया गया। यह कार्यक्रम गिद्धौर प्रखंड के कई मुखिया के निगरानी में किया गया। जहां मुखिया निर्मला देवी बेबी देवी जगदीश यादव व अन्य उपस्थित थे। बताते चलें कि जेएसएलपीएस के तहत जुड़े महिला समूह के सदस्यों को बीमा करवाने के लिए प्रेरित किया जाता है। जो सदस्य बीमा कारवाई हैं उन्हें लाभ भी मिल रहा है। प्रतीक्षा आजीविका सखी मंडल से जुड़ी सदस्य हेवंती देवी गिद्धौर निवासी का मृत्यु पिछले कुछ दिनों पहले बिमारी से हो गया था। जिनका झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में बीमा करवाई गई थी। जिसका लाभ परिवार इनके पति कपिल देव शर्मा को 200000 का चेक दिया गया है। वहीं शांति देवी तिलैया गांव निवासी सूरज आजीविका सखी मंडल की सदस्य हैं।

### पत्थलगड़ा माँ भगवती मंदिर लेम्बोया में हिन्दू जागरण मंच का हुआ कार्यक्रम




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पत्थलगड़ा प्रखंड स्थित माँ भगवती मंदिर लेम्बोया में हिन्दू जागरण मंच द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन सह संगठन विस्तार कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक के वरिष्ठ प्रचारक व हिन्दू जागरण मंच के क्षेत्रिय संगठन मंत्री डाक्टर सुमन कुमार तथा साथ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के विभाग कार्यवाह नित्यानंद उपाध्याय एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह सिद्धश्वर जी उपस्थित थे वहीं मंच संचालन रवि बजरंगी के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉक्टर सुमन कुमार ने कहा की राष्ट्रहित में युवा आगे आएं। राष्ट्र रक्षा सभी के लिए सर्वोपरि होना चाहिए। युवा शक्ति देश के लिए शुभ है।

युवा राष्ट्र के पूंजी समान हैं। सभी युवाओं को राष्ट्रहित के लिए अपने जीवन को आहूत करना चाहिए। राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तभी व्यक्ति का जीवन सुरक्षित रह पायेगा। सभी अपना स्वार्थ को त्यागें और देश हित में आगे आएं। देश की रक्षा सभी के लिए प्राथमिकता मे रहें। जीवन के वर्तमान चुनौतियों से डटकर सामना करने के लिए हमें संगठन विस्तार करना है।

### माता की 7वीं पूण्य तिथि पर छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** व्यवसायी दीपक कुमार एवं पिंटु कुमार ने शुक्रवार को अपनी माता स्व. जानकी देवी की 7वीं पूण्य तिथि पर उत्क्रमित मय विद्यालय मरकच्चो में अययनरत छात्र छात्राओं के बीच पाठ्य सामाग्री का वितरण किया गया। वहीं दीपक कुमार ने सर्वप्रथम माता स्व. जानकी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया, तत्पश्चात उपस्थित उत्तरी पंचायत मरकच्चो के मुखिया रंजीत कुमार सिंह, पूर्व सरपंच गोविंद शरण मोदी, कौशल्या देवी व उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सैकड़ो अययनरत छात्र-छात्राओं को कॉपी, कलम, पेंसिल, कटर व टॉफी वितरण किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राानायापक अशोक कुमार, प्रकाश पासवान, मनोज सिंह, प्रदीप सिंह, अनिल यादव समेत विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### दो बाइक की सीधी टक्कर में एक युवक की मौत, चार घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के कुल्लू मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप दो मोटरसाइकिल के बीच हुई सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक युवक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के रकसी गांव निवासी अरविंद कुमार के रूप में की गई। जबकि सतेंद्र प्रसाद, मंजीत कुमार, मुकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्रार्थमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सभी युवक दो मोटरसाइकिल पर सवार थे। जिसमें एक मोटरसाइकिल पेट्रोल लेने के लिए पंप जा रहा था। जबकि दूसरा मोटरसाइकिल विपरीत दिशा से आ रही थी।

## स्पीड न्यूज

### हर बुधवार को थाना दिवस पर जमीन मामले का किया जायेगा निपटारा

**बालूमाथ।** बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजय कुजूर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की बालूमाथ में जमीन विवाद की समस्या आए दिन बढ़ती जा रही है। कुछ लोग जमीन समस्या को लेकर जिला मुख्यालय चले जा रहे हैं इसी को देखते हुए प्रत्येक महीने के प्रत्येक बुधवार को बालूमाथ थाना परिसर में सुबह 9:00 बजे से 2:00 बजे तक थाना दिवस मनाया जाएगा एवं जमीन संबंधित सभी समस्याओं का निष्पादन बालूमाथ थाना के सहयोग से संयुक्त रूप से की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि जिनका भी जमीन से संबंधित समस्या है वह थाना दिवस पर पहुंचकर अपनी समस्या रख सकते हैं।

### मनिका में राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड कमिटी की हुई बैठक


बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के एसबीआई रोड स्थित राजद कार्यालय में दिन गुरुवार को राजद प्रखंड कमेटी का बैठक प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव के अध्यक्षा में किया गया। जिसमें पूर्व निर्धारित प्रदेश कार्यालय में आयोजित राजद कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर विशेष चर्चा किया गया। उक्त कार्यक्रम में राजद के सभी कार्यकताओं को 9 नवंबर को अपने-अपने पंचायत से अधिक से अधिक लोगों को ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। मौके पर राजद जिला सचिव दामोदर यादव, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव, राजद वरिष्ट नेता अनिल विश्वकर्मा, बलराम यादव, कुलदीप यादव, बालेश्वर यादव, हिरामन यादव, किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष शंभु यादव, एसटी प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष कमलेश उरांव, नागेश्वर उरांव, प्रखंड उपाध्यक्ष बलमु पासवान, जयशंकर उरांव, अरविंद यादव, संजय यादव, कामेशर यादव, संतोष यादव, सतेन्द्र यादव, अवधेश राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक को किया गया रिम्स रेफर

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर काली के समीप सड़क दुर्घटना में घायल युवक दिनेश गंझू पिता जरबा गंझू (कुदरा माल्हन) को शुक्रवार को चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बता दें कि दिनेश गंझू बीते दिनों काली जतरा में युवक घूमने था जहां से वापस लौटने के क्रम में वह दुर्घटना का शिकार हो गया था, घटना के बाद परिजनों द्वारा लोहरसी स्वस्थ्य उपकेंद्र में युवक का प्राथमिक उपचार कराने के बाद घर ले गए थे, जहां शुक्रवार को उसकी तबियत अचानक बिगड़ गयी।

### डोर टू डोर चलाया विधिक जागरूकता अभियान



**लातेहार।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, इसी क्रम में महुआडांड़ प्रखंड के अक्सी गांव में पीएलबी मिथिलेश कुमार ने डोर टू डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पीएलबी उपस्थित ग्रामीणों को कानूनी की बुनियादी जानकारी दी। जिसमें बाल विवाह, डायन प्रथा, नशा मुक्ति इत्यादि पर प्रकाश डाला। साथ ही सदर प्रखंड लातेहार में पीएलबी रविंद्र कुमार एवं नीतीश कुमार ने भी जागरूकता अभियान चलाया और उपस्थित लोगों को कानूनी जानकारी एवम सरकार द्वारा मिलने वाले योजनाओं के बारे में जानकारी दिया।

### कोयला मजदूरों से मनमानी बंद हो, नहीं तो होगा आंदोलन

**खलारी।** आरसीएमएस का एक बैठक डकरा भीआईपी सभागर बीएन पांडेय की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में एनके एरिया में चल रहे अफसरशाही मनमानी को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया। चर्चा में बीएन पांडेय ने कहा कि मजदूरों का हर नुकसान बरदाश्त किया जा सकता है लेकिन आर्थिक नुकसान किसी भी किमत पर बरदाश्त नहीं किया जाएगा। प्रबंधन ने फिजिकल फिटनेश का हवाला देकर मजदूरो का अर्थिक नुकसान कर रही है। एनएकेण्प्रबंधन के द्वारा चार दिन फिजिकल शाररिक उपस्थिति होने पर ही संडे डियुटी मिलेगा। और सिक छुट्टी के दौरान पडने वाला भुगतान बंद है। इस पर प्रबंधन सैप का हवाला देकर दिग्भ्रमित कर रहा है। प्रबंधन कई अफसरशाही बदलाव करके कामगारों को आर्थिक नुकसान पहुँचा रही है। वही एन के क्षेत्र में कार्य कर रहे असंगठित मजदूरों का बोनस भुगतान दिपावली पूजा से पहले हो जाना चाहिए।

## सर्वे में गड़बड़ी के कारण अधिग्रहित भूमि की मुआवजा सूची में नाम नहीं : नागेंद्र प्रसाद

# विभागों के चक्कर काटने को मजबूर हैं मूल रैयत

▶▶ लातेहार जिले में बना हुआ है खून-खराबे का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरवाडीह।** लातेहार जिले में हुई हाल सर्वे में गड़बड़ी का खामियाजा मूल रैयतों को भुगतना पड़ रहा है। जिसे लेकर रैयतों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं रैयत आपस में लड़ भिड़ रहे है, और खून खराबा तक की संभावना उत्पन्न हो गई है। ताजा मामला जिले के बरवाडीह प्रखण्ड से आया है। जहां भूमि के मूल रैयत नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि बरवाडीह अंचल अंतर्गत छेंचा के टिकवाटोला में उनकी दस एकड़ रैयती जमीन हैं, जो कि 1955 में रजिस्ट्री द्वारा खरीदी गई हैं। जिसका सरकारी रसीद 2015 तक कटा हुआ है। जिसका पुराना खाता नंबर 524/799 रकवा 10 एकड़ है, और वर्तमान में मेरे दखल कब्जे में भी हैं। लेकिन हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी के उपरांत उक्त भूमि का नया खाता संख्या 252, प्लॉट नंबर 1189 और रकवा 6.15 एकड़ है। वर्तमान में जिसका रसीद भी ऑनलाइन कट रहा है। लेकिन मेरी 10 एकड़ जमीन से 3.85 एकड़ जमीन जोहन तिग्गा उर्फ जोहन बाखला एवं उसके वारिश वगेरह के नाम से खाता खुल गया है। जिसका खाता नंबर 57, प्लॉट नंबर 1489/2034 रकबा 4.85 एकड़ दशार्या गया है, जो कि पूरी तरह गलत है, क्योंकि वह जमीन मेरे पुराने खतियान में पड़ता है। नागेंद्र प्रसाद ने आगे बताया कि वर्ष 2007 में मैने सरकारी अमीन के द्वारा अपनी जमीन का सीमांकन कराया था। जिसमें 15 डिसमिल जमीन मेरा सड़क में चला गया था, जो कि सीमांकन दस्तावेज में अमीन के द्वारा दशार्या गया था। वर्तमान में उक्त जमीन के चौड़ीकरण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग से कराया गया। जिसमें करीब 50 डिसमिल जमीन सड़क में अधिग्रहण होने की संभावना है। उधर सड़क निर्माण कार्य से पूर्व पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा भू अर्जन विभाग के माध्यम से जमीन का उचित मुआवजा दिए जाने की बात कही गई थी लेकिन अब मुआवजा सूची में हमारा नाम नहीं है। इसका मुख्य कारण हाल सर्वे में गड़बड़ी है। उन्होंने बताया कि अपनी अधिग्रहित की हुई जमीन के मुआवजा को लेकर उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग, भू अर्जन विभाग और बरवाडीह अंचल अधिकारी को सभी दस्तावेजों के साथ आवेदन सौप कर पुराने खतियान के आधार पर मिलान करते हुए अपने जमीन का मुआवजा भुगतान कराने की मांग की है।

**विधायक ने तीन बार सदन में उठाये हैं सवाल**

बता दें कि हाल सर्वे में हुई त्रुटियों के मामले को लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने तीन बार सदन में आवाज उठाई है, और लातेहार जिले में रिसर्वे कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा है कि जब तक सुधार नहीं हो जाता है, तब तक पुराने खातियान और पंजी 2 से मिलान करके रसीद निर्गत की जाए। वहीं सरकार ने भी माना है कि लातेहार जिले में हाल सर्वे में 80 प्रतिशत त्रुटि हुई है, और जिले के अधिकारियों को रिसर्वे का आदेश भी दिया है, लेकिन जिले में संसाधन की कमी का हवाला देकर अब तक रिसर्वे कार्य को शुरू नहीं किया जा सका है। जिससे रैयतों में खून खराबे का माहौल उत्पन्न हो गया है।

## बंद कमरे में ही कांग्रेस की चुनावी तैयारी शुरू, जमीनी स्तर पर संगठन काफी कमजोर

# लोकसभा चुनाव से पहले ही दिखने लगी इंडिया गठबंधन में दरार

राजेश प्रसाद

**लातेहार।** 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने में अभी कुछ वक्त शेष है, लेकिन राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से चुनाव की तैयारी तेज कर दी हैं। विगत एक दशक से केंद्र के सत्ता में काबिज नरेंद्र मोदी शासित भाजपा सरकार को पुनः तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए भाजपा प्रदेश स्तर से लेकर प्रखंड व बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर जोर देती नजर आ रही है। वहीं दूसरी ओर 10 वर्षों से केंद्र की सत्ता में काबिज भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने को लेकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा विपक्षी दलों को एक कर पूरे देश में इंडिया गठबंधन तैयार किया गया है, लेकिन चतरा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन दलों में मतभेद व बिखराव अभी से ही साफ देखने को मिल रहा है। इंडिया गठबंधन दल के अगुवाई कर रहे हैं कांग्रेस के साथ साथ राजद व जेएमएम पार्टी अपने स्तर से चुनावी तैयारी शुरू कर दिया है। इंडिया गठबंधन की अगुवाई कर रही कांग्रेस पार्टी तो बंद कमरे में ही बैठकर आगामी लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने का दम्भ भी भरना शुरू कर दिया है, जबकि पार्टी सूत्रों की माने तो चतरा संसदीय क्षेत्र में संगठन जमीनी स्तर पर काफी कमजोर है, जिसे प्रदेश स्तर के बड़े नेता भी बखूबी जान रहे हैं और इस बात को खुले मंच में स्वीकार भी कर रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर लातेहार जिला में कांग्रेस पार्टी की अगुवाई करने वाले बड़े नेता अपने ही धुन में मस्त है व पार्टी को जमीनी स्तर पर सींचने और मजबूत करने के बजाए मीडिया से दूर बंद कमरों में बड़े नेताओं के साथ बैठक करने पर जोर देते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के कई नेताओं ने दबे जुबान इसका विरोध भी शुरू कर दिया है व पार्टी हित के लिए इसे ठीक नही बताया है। बता दें की विगत 1 नवंबर को लातेहार के होटल सेलिब्रेशन में व 9 अक्टूबर को कांग्रेस का चंदवा के होटल मयूर इंटरनेशनल में लोकसभा समन्वय समिति की बैठक हुई थी। जहां बैठक में चुनिंदा कार्यकताओं को ही जगह देने और कई जमीन से जुड़े कार्यकताओं को बैठक से दूर रखने की बात पर जमकर हो हंगामा भी हुआ था। जहां कांग्रेस के बड़े नेताओं ने कार्यकताओं को आपसी मतभेद को भूलकर पार्टी को मजबूत करने और जमीन स्तर पर संगठन को ठीक करने की सलाह दी थी। लेकिन वर्तमान में जो स्थिति दिख रही है वह इसके ठीक विपरीत है।

### सीओ ने जनता दरबार में सुनी ग्रामीणों की समस्या, जल्द निदान का दिया आश्वासन


समस्या सुनते सीओ व सीआइ।

**लातेहार।** अंचल कार्यालय में शुक्रवार को अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। वहीं सीआई उदल राम भी मौजूद रहे। जहां विभिन्न गांव से आये ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी के समक्ष अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। जनता दरबार में तुबेद कोल माइंस से संबंधित, ऑनलाईन से संबंधित, आधार कार्ड सुधार, विवादित जमीन से संबंधित, केसीसी से संबंधित, सीमांकन से संबंधित कई मामले सामने आये। जहां अंचलाधिकारी ने सभी आवेदनों को बारी-बारी से देखा और लोगों की समस्याओं को सुना और कहा कि कागजी प्रक्रिया जांच कर आप लोगों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मौके पर विभाग के कर्मचारी व कई ग्रामीण मौजूद थे।

### पांच नवंबर से पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का किया जायेगा आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय के बरछिया (बटहेट) स्थित खेल मैदान में युथ क्लब बरछिया के तत्वाधान मे पांच नवंबर से पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए अध्यक्ष जीतू उरांव, सचिव राजेश यादव व देवलाल उरांव ने बताया कि बारियातू थाना के समीप खेल मैदान में युथ क्लब बरछिया के द्वारा पांच दिवसीय फुटबॉल टुनार्मेंट का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ पांच नवम्बर रविवार को किया जायेगा। टुनार्मेंट के शुभारंभ में चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया सरिता देवी सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। इस टुनार्मेंट में मात्र 32 टीम भाग लेंगे। टुनार्मेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 20000 खस्सी व शिल्ड, द्वितीय 15000 खस्सी शिल्ड, तृतीय 10000 खस्सी शिल्ड, चतुर्थ 5000 खस्सी व शिल्ड देकर पुरूस्कृत किया जायेगा। टुनार्मेंट में भाग लेने वाले टीम को 1200 रू प्रवेश शुल्क लिया जायेगा। इसके लिए 7979887938 पर सम्पर्क कर इंट्री ले सकते हैं। आयोजनकर्ता ने अधिक से अधिक संख्या में खेल प्रेमियों को आने का अपील किया है।

### पुराने भवन को तोड़कर ही अस्पताल बनाये जाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों भवन विहीन है कई वर्षों से व्यायाम शाला में अस्पताल चलाया जा रहा है। बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लगभग दो एकड़ अपना जमीन है और उस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण पिछले 15 वर्ष पूर्व कराया जा रहा था। लेकिन भ्रष्टाचार एवं पदाधिकारी के कारण वह आज तक अधूरा पड़ा है। इधर नए अस्पताल बनाए जाने के लिए बालूमाथ अंचल कार्यालय ने ब्लॉक परिसर में ही दो एकड़ जमीन का आवंटन कर दिया है जिस स्थान पर दो एकड़ की जमीन आवंटन की गई है। उस जमीन पर पूर्व से विवाह मंडप, सिंगल विंडो सेंटर, राजस्व कर्मचारी भवन, पुराना आंगनवाड़ी ऑफिस, पशु चिकित्सालय, दूध संग्रह केंद्र समेत 2 पुराना मकान एवं दो जर्जर भवन स्थित है। अब सभी भवन को मिलाकर लगभग एक करोड़ रुपए के अच्छे भवन को तोड़कर नया अस्पताल बनाए जाने की प्रक्रिया आरंभ की जानी है। नए अस्पताल बनाए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। बालूमाथ के ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि अगर ब्लॉक परिसर के 9 अच्छे भवन को ध्वस्त कर नया भवन बनाया जा सकता है तो अस्पताल परिसर में जर्जर पड़े भवन को ही ध्वस्त कर इसी स्थान पर अस्पताल क्यों नहीं बनाया जा सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि अस्पताल पुराने स्थान पर ही बनाया जाए। अगर सरकार हम लोगों की मांगे पूरी नहीं करती है तो हम लोग चरणबद्ध आंदोलन करते हुए न्यायालय के सरण में जाएंगे। ग्रामीणों ने कहा कि जिस स्थान पर नया भवन बनाने की योजना है जब उस परिसर में कई कार्यालय व सरकारी कार्य संपादित किया जा रहा हैं। उस स्थिति में अच्छे भवन को तोड़कर बनाना किसी भी क्षेत्र में उचित नहीं है। इस संबंध में लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत हमें प्राप्त हुई है ग्रामीणों की मांग जायज है मैं शीघ्र ही लातेहार उपायुक्त से मिलकर पुराने अस्पताल परिसर में जर्जर पड़े भवन को तोड़कर ही नया अस्पताल भवन बनाने की मांग करूंगी।

## एक नजर में

### बूढ़ीडूबा नदी पर पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक


नदी पार करते बच्चे।

**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत अंतर्गत बेलगड़ा ग्राम स्थित पूल निर्माण को लेकर बेलगड़ा, बुचरिंगा, नवाटांड़ व निंद्रा के ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी उपस्थित थी। जिनके समक्ष ग्रामीण अपनी मांग को रखते हुए कहा कि उक्त नदी पर पुल निर्माण जनहित को देखते हुए अति आवश्यक है। उक्त नदी होते बेलगड़ा, उचरिंगा, नवाटांड़, जमुआरी, बेलांगा समेत कई गांव पक्की सड़क व प्रखंड मुख्यालय आवागमन आते-जाते हैं। नदी पर पूल नहीं होने कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, गर्मी और ठंड का मौसम में किसी प्रकार काम चल जाता है। लेकिन बरसात के मौसम में ग्रामीणों को परेशानी काफी बढ़ जाती है। विद्यार्थियों के स्कूल आने-जाने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद जिप प्रतिनिधि रोहित यादव ग्रामीणों के साथ उक्त नदी का दौरा किया। साथ ही ग्रामीणों को भरोसा देते हुए रोहित यादव ने कहा कि जिले के वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर उक्त नदी पर पुल निर्माण को लेकर हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर सबरू मुंडा, अजय मुंडा, दीपक मुंडा, गणेश यादव, रमेश मुंडा, सोनू मुंडा, अजय मुंडा, सबरूपन मुंडा, बिगू मुंडा, बिगनी देवी, राजमुनी देवी, रेखा देवी, सुशीला देवी, रुदन देवी, धनी देवी, रूपन देवी, ललिता देवी, राजमुनि देवी, रामवृक्ष मुंडा, मनोज मुंडा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पुलिस ने झारखंड से बिहार जा रही अंग्रेजी शराब से भरी सरकारी एंबुलेंस को किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता


पकड़ी गयी एंबुलेंस व कार।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित नामुदाग गांव के पास से मनिका पुलिस ने दिन शुक्रवार को अंग्रेजी शराब लोड बीआर 05 पी 9083 नंबर के सरकारी एंबुलेंस को पकड़ा साथ ही एंबुलेंस के साथ एस्कॉर्ट कर रही जेएच 01 सीएफ 6699 नंबर की कार को भी पुलिस ने पकड़ा है। उक्त दोनों गाड़ियों के साथ पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। वहीं आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि दोनों वाहन रांची के तरफ से डालटेनगंज की ओर जा रहे थे इसी दौरान नामुदाग के पास एंबुलेंस और एंबुलेंस को एस्कॉर्ट कर रहे एक कार रुका हुआ था और दोनों वाहनों के चालको के बीच कुछ कहा सुनी हो रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि आशंका होने पर जब एंबुलेंस के पास गए तो ऐसा मालूम हुआ कि एंबुलेंस में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लोड है और इसी को लेकर दोनों वाहनों के लोगों में झड़प हो रही है जिसके बाद ग्रामीणों ने मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को इसकी सूचना दिया जिसके तुरंत ही एसआई प्रदीप कुमार राय, एएसआई मनोज कुमार दुबे अपने दलबल के साथ पहुंचे और दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आए साथ ही एंबुलेंस में सवार दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं एंबुलेंस को देखने से प्रतीत हो रहा था कि एंबुलेंस के ऊपर के हिस्से में भी बॉक्स बनाया हुआ है और सीट के नीचे भी बॉक्स बना हुआ है। बता दें की खबर लिखे जाने तक एंबुलेंस में कितनी शराब लोड है प्रशासन के द्वारा जानकारी नहीं दी गई थी।

### सरयू में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान


वाहन जांच करती पुलिस।

**सरयू।** पुलिस अधिक्षक अंजनी अजन के निर्देश पर शुक्रवार को सरयू टीओपी के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस मौके पर टीओपी प्रभारी घनश्याम उराँव ने कहा कि जिले के पुलिस कप्तान के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी छोटे-बड़े वाहनों का आवश्यक कागजात के साथ-साथ हेलमेट का जाँच किया गया। वहीं सभी वाहन चालकों को हिदायत देते हुये आवश्यक कागजात एवं हेलमेट साथ लेकर चलने को कहा गया। इस मौके पर हवलदार जगदीश महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बालूमाथ में मनरेगा योजना चयन में अनियमितता का मामला

**लातेहार।** लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड में मनरेगा योजना चयन में मिली भगत का घोर लापरवाही बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर दशरथ मांझी नामक व्यक्ति के द्वारा परिवाद पत्र दायर कर ग्रामीण विकास अभिकरण रांची से इसकी शिकायत की गई है। शिकायत के आलोक में उषा मुंडू (सरकार के अवर सचिव ग्रामीण विकास विभाग) ने लोकपाल (मनरेगा)(जिला ग्रामीण विकास अभिकरण लातेहार) से मामले के आलोक में जांच कर सुस्पष्ट तरीके से 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट समर्पित करने की बात कही है। जिसमे कहा गया है बालूमाथ अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में मनरेगा अधिनियम 2005 अंतर्गत कतिपय योजना (टीसीबी, मेड़बंदी इत्यादि) को बिना सुरक्षित पीओ लोगिन के द्वारा स्वीकृत, संचालित एवं पूर्ण करने की शिकायत की गई है। परिवार पत्र में शिकायत की गई है कि योजनाओं में घोर लापरवाही बरती गई है। बिना ग्राम सभा के ही योजनाओं का चयन कर मनरेगा पोर्टल में योजनाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। वर्तमान में अपने बचाव को लेकर कतिपय योजनाओं को विलोपन भी करने का प्रयास किया जा रहा है। इसकी जांच कर रिपोर्ट को 15 दिनों के अंदर समर्थित करें।

## रिटेंडर करवाने में वर्तमान विधायक को लगे 4 साल, इनकी राजनीतिक सक्रियता क्षेत्र के लिए असंवेदनशील : छोटू राजा

# स्वास्थ्य केंद्र के भवन का दोबारा शिलान्यास करने पर भड़के जिला अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते जिला अध्यक्ष व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अंकित राज (गोलू) के आवास पर दिन गुरुवार को भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटु राजा की अध्यक्षता मे प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जहां भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा मनिका प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का दोबारा शिलान्यास करने को ओक्षी राजनीतिक बताया है। मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि बीते 1 नवंबर को मनिका विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास किया गया है जबकि विगत 4 वर्ष पूर्व 6 सितंबर 2019 को भाजपा सरकार के रघुवर दास के शासनकाल में मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के द्वारा इसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया था लेकिन इसी बेड़ी का पुनः शिलान्यास करके लोगों को यह संदेश देना कि स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास कर रहे हैं यह विधायक रामचंद्र सिंह की ओक्षी राजनीतिक को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि विधायक व कांग्रेसियों का आदत रहा है कि चूल्हा और तवा किसी और का उसमें अपना रोटी सेकना, अभी चुनाव का समय आया है तो सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए विधायक व कांग्रेस पार्टी के द्वारा इस तरह का कार्य किया जा रहा है। जबकि भाजपा सरकार में कई तरह के विकास के कार्य किए गए हैं जिसे जनता भली भांति जानती है। उन्होंने रिटेंडर कर दूसरे संवेदक को काम दिए जाने पर कहा कि आखिर रिटेंडर करने में इतना समय क्यों लगा जबकि 6 सितंबर को पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के द्वारा इसका शिलान्यास किया गया था और दिसंबर 2019 में रामचंद्र सिंह यहां के विधायक थे फिर भी इनको रिटेंडर करवाने में 4 साल लग गए जो यह दशार्ता है कि विधायक रामचंद्र सिंह की राजनीतिक सक्रियता मनिका के लिए बहुत ही असंवेदनशील है। उन्होंने कहा कि जनता को किए गए वादों को पूरा नहीं कर पाने के बाद, अब हमारी ही योजनाओं को विधायक द्वारा दोबारा शिलान्यास कर जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया जा रहा है। मौके पर भाजपा नेता कौशल किशोर प्रसाद, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, भाजपा महामंत्री मनदीप कुमार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार, परमेश्वर सिंह, लव कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### उपाध्यक्ष के प्रयास से मृत व्यक्ति के शव को वापस लातेहार भेजा गया


शव को घर ले जाते परिजन।

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी के प्रयास से सर्पदंश से मृत हुई युवती के शव को वापस घर भेजा गया। युवती की मौत रांची रिम्स में ईलाज के लिए ले जाने के क्रम में कुडू में हो गयी थी। युवती अंजुम खातून उम्र 16 वर्ष ग्राम लवागड़ा थाना हेरहंज को सर्पदंश के बाद ईलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेतहर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया था। जहां जाने के क्रम में कुडू में युवती ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद युवती को लेकर जा रहे 108 एंबुलेंस ने मृतक के शव को वापस घर ले जाने से मना कर दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद कुडु अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने मृतक के भाई इरशाद अंसारी से उनके मोबाइल नंबर पर बात की। उनके द्वारा बताया गया कि एंबुलेंस में उनकी बहन की शव को वापस नहीं ले जाना चाह रहा हैं। इसके बाद अंचलाधिकारी और उनकी पत्नी लातेहार जिला परिषद अनीता देवी के साथ कुडू सामुदायिक अस्पताल पहुंचकर सदर अस्पताल लातेहार से बातचीत कर कुडू चिकित्सा प्रभारी से मृतक की पर्ची बनवा कर डेड बॉडी को वापस लातेहार भिजवाया।

